हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

04 मूर्तियां खंडित कर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले...



07 रक्षाबंधनः जिलाधिकारी ने छात्राओं से बंधवाई...





## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में बच्चों ने रक्षा सूत्र बनाना सीखा और इस परंपरा के महत्व को समझा। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में बच्चों ने रक्षा सूत्र बनाना सीखा और अपने हाथों से रक्षा सूत्र बनाए। रक्षा सूत्र भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। सभी बच्चों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और रक्षा सूत्र निर्माण में अपनी रुचि दिखाई। इससे न केवल उन्हें रक्षा सूत्र की परंपरा के बारे में जानने का अवसर मिला बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक भी किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि रक्षा सूत्र निर्माण कार्यशाला जैसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इससे न केवल बच्चों को अपनी विरासत के प्रति जागरूक किया जा सकता है बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति को संजोने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।

### स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए आज होगा सीटों का आवंटन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए।

### एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम की गई गठित, पंचनामा बनाकर कृषि विभाग को सौंपी उपज

# लालची किसानों को अवैध तरीक से वेयर हाउस पर मूंग की उपज बेचना पड़ा महंगा, दो ट्रालियां जब्त

**मूंग बेचने आए इन दोनों किसानों की उपज मंडी में क्रमशः 7000 और 7750 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से अमित ट्रेड्स नामक व्यापारी द्वारा खरीदी जा रही थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सोमवार को भैरुंदा कृषि उपज मंडी में मूंग उपज लेकर आए ग्राम आगरा के दो किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों को जांच दल द्वारा बिजला स्थित एनपी वेयरहाउस से जब्त कर, मौके पर पंचनामा कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी एवं तहसीलदार संदीप गौर के निर्देश पर गठित जांच टीम द्वारा की गई। जप्त की गई ट्रालियां फिलहाल कृषि विभाग के सुपुर्द की गई हैं।

#### नीलामी प्रक्रिया और उसका निरस्तीकरण...

मूंग बेचने आए इन दोनों किसानों की उपज मंडी में क्रमशः 7000 और 7750 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से अमित ट्रेड्स नामक व्यापारी द्वारा खरीदी जा रही थी। इस दौरान मौके पर मौजूद संजय मालवीय निवासी भैरुंदा ने किसानों को बहकाते हुए कहा कि यह मूल्य बहुत कम है और उसने यह भी कहा कि मेरा स्लॉट (खाता) खरीदी केंद्र पर खाली है, मैं 8000 रुपये प्रति क्विंटल में मूंग खरीद लूंगा। इस लालच में आकर किसानों ने मंडी में हुई वैध नीलामी को निरस्त करवा दिया और मूंग की ट्रालियों को लेकर बिजला एनपी वेयरहाउस पहुंच गए, जो कि सरकारी उपार्जन केंद्र नहीं है।

#### प्रशासन की कार्रवाई

प्रशासन को जैसे ही इस अनियमितता की सूचना मिली, तहसील कार्यालय द्वारा जांच दल गठित कर वेयरहाउस भेजा गया। जांच के दौरान मौके पर पाई गई मूंग की दोनों ट्रालियों को तत्काल प्रभाव से जप्त किया गया और पंचनामा बनाकर विधिवत कार्रवाई की गई।

#### किसानों ने अपने कथनों में बताया कि

1. सरवन केवट, पिता नर्मदा प्रसाद, निवासी ग्राम आगरा ने बताया कि उन्होंने 8.50 बीघा निजी भूमि पर मूंग की फसल उगाई थी। लेकिन उनका खाता सातराना सोसायटी में डिफॉल्टर होने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो पाया, जिससे वे सरकारी उपार्जन केंद्र में उपज नहीं बेच सके। कृषि ऊपज मंडी में नीलामी के दौरान 7750 रुपए प्रति क्विंटल में अमित ट्रेड्स द्वारा खरीदी की गई थी। परिचित संजय मालवीय ने कहा मूंग बहुत कम भाव में खरीदी गई है। मेरा स्लाड खाली है 8 हजार रुपए प्रति क्विंटल दूंगा एन पी बेयरहाउस पर तुलवा दो।
2. सुनील केवट और सुरेश केवट, निवासी ग्राम आगरा ने बताया कि वे मूंग की ट्राली सोनालिका ट्रैक्टर में मंडी लेकर आए थे। जब अमित ट्रेड्स ने मूंग 7000 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदने का सौदा तय किया, तभी संजय मालवीय ने 8000 रुपए का ऑफर देकर सरकारी प्रक्रिया को दरकिनार करने की सलाह दी।

#### क्या बोले एसडीएम

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया 4अगस्त को दो किसानों ने मंडी नीलामी निरस्त कर किसी दूसरे किसान के स्लाड पर एन पी बेयरहाउस उपार्जन केन्द्र पर बेचने पहुंचे थे। पटवारियों एवं कृषि मंडी सचिव द्वारा दो किसानों की ट्रॉली जिसमें करीबन 80क्विंटल मूंग जब्त की गई थी जो कि कृषि मंडी के सुपूर्द की गई।

## सावन मास में मनाया जा रहा झूलन उत्सव

### स्वर्णकार मंदिर में राधा रानी की झांकी सजाई, लगाया 56 भोग



**नलखेड़ा।** सावन मास में स्वर्णकार मंदिर में महिला मंडल के द्वारा झूला उत्सव एवं 56 भोग का आयोजन रखा गया जिसमें समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। पवित्र सावन मास में शिवालयों में जहां भगवान भोले की भक्ति में भक्त रमे हुए हैं, वहीं महिलाओं द्वारा भी इस पवित्र मास में झूलन उत्सव का आयोजन कर मंदिरों तथा घरों में ठाकुर जी व राधा रानी की आकर्षक झांकी सजाई जा रही है। जहां बड़ी संख्या में महिलाऐं उपस्थित होकर राधे रानी को पालना झुलाकर भजनों का गायन कर रही है। नगर के चौक बाजार स्थित राधा कृष्ण स्वर्णकार मंदिर में महिला मंडल के द्वारा झूला उत्सव एवं 56 भोग का आयोजन रखा गया जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा राधा रानी की आकर्षक झांकी सजा कर उन्हें पालने में झुलाया जाकर ढोलक की थाप पर महिलाओं द्वारा भजन गाते हुवे नृत्य भी किया गया। सावन मास में झूला झूलने की पुरातन परंपरा के चलते महिलाओं द्वारा झूलन उत्सव मनाते हुए राधे रानी को झूला झुलाया जा रहा है।

### मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति की एक बैठक का आयोजन मंदिर परिसर में हुआ जिसमें पंडितों के रजिस्ट्रेशन के नवीन आवेदनों की आहर्ताओ के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। बुधवार सायं एसडीएम एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष सर्वेश यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें रजिस्ट्रेशन के लिए आये 223 पंडितों के आवेदन के सम्बंध में चर्चा कर इसके लिए धर्मस्व विभाग द्वारा जारी आहर्ताओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। एसडीएम यादव ने बैठक में बताया कि जो शासन की अहर्ताओं को पूर्ण करेंगे प्रबंध समिति द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ उन पंडितों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। बैठक में व्यवस्था सम्बन्धी अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई जिन पर आगामी दिनों में निर्णय लेने पर सहमति बनी। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल यादव आवेदनकर्ता पंडित आदि उपस्थित थे।

*शाही सवारी के स्वागत के लिए 100 से अधिक मंच बनाए गए*

## कल शहर में बाबा भोगेश्वर महादेव की निकलेगी शान से शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



तहसील के नगरीय क्षेत्र बड़ागांव में कल शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर बाबा भोगेश्वर महादेव की शाही सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। परम्परानुसार बड़ागांव में श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन पर बाबा भोगेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली जाती है। इस बार कल शनिवार को बाबा की शाही सवारी निकाली जावेगी। निकलने वाली शाही सवारी की समिति द्वारा तैयारी की जा रही है। शाही सवारी शनिवार को सुबह 10 बजे झाड़ी मंदिर से प्रस्थान कर नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। शाही सवारी के स्वागत के लिए बड़ागांव में 100 से भी अधिक स्वागत मंच बनाकर नागरिकों के द्वारा शाही सवारी का स्वागत किया जाएगा। शनिवार को सुबह 6 बजे हरिहर मिलन कार्यक्रम तथा 7 बजे महाआरती के बाद शाही सवारी झाड़ी मंदिर से प्रस्थान करेगी। शाही सवारी में एक दर्जन से भी अधिक झांकियां शामिल होगी। बाहर से आए हुए कलाकार भूतों की बारात बैंड बाजे ढोल ताशा पार्टी डीजे नाग नागिन की जोड़ी मां काली के रूप मे कलाकार भूतों की झांकी आदि आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शाही सवारी को लेकर भक्त मंडल द्वारा गुरुवार को नगर में वाहन रैली भी निकल गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मंडल के सदस्य दो पहिया वाहन पर सवार होकर निकले। शाही सवारी को लेकर पुलिस चौकी बड़ागांव में झाड़ी समिति सदस्यों तथा पुलिस प्रशासन की बैठक भी हुई जिसमें पुलिस द्वारा उचित निर्देश भक्त मंडल को दिए गए।

## बच्चों को पौधा लगाने के लिए गमला देकर सम्मानित किया गया



**नलखेड़ा।** नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल विद्यालय में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में सदा हरा भरा रहने का संदेश दिया गया था। गुरुवार को उन सभी बच्चों को जिन्होंने पौधा लगाने का संकल्प लिया था उन बच्चों को संस्था द्वारा पौधा लगाने के लिये गमला देकर पुरस्कार के रूप में सम्मानित किया गया।

## रक्षाबंधन पर्व पर गरीब परिवार की बहनों को उपहार भेंट किए

**नलखेड़ा।** तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गरीब परिवार की बहनो को राखी का उपहार भेट किया गया। तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी सस्था द्वारा समय समय पर जो भी त्यौहार आते उस अवसर पर गरीब परिवार के लोगो की सस्था हर समय मदद करती रहती है। गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर गरीब परिवार की महिलाओ को सस्था द्वारा करीबन पचास बहनो को साड़ी मिठाई ओर राखी भेट की गई। इस अवसर पर सस्था अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।



## जीवन में कभी आकांक्षा नहीं रखना जो प्राप्य है वही पर्याप्त हैः विवर्धन सागर

**नलखेड़ा।** जिस प्रकार शरीर विभिन्न अंगों को मिलाकर शरीर कहलाता है उसी प्रकार सम्यक दर्शन आठ प्रकार के अंगों से पूर्ण होता है। सम्यक दर्शन ही हमें संसार रूपी सागर से पार लगा सकता है। जीवन में कभी आकांक्षा नहीं रखना चाहिए जो प्राप्य है वहीं पर्याप्त है। दूसरे के वैभव को देखकर हमें आकांक्षा की भावना नहीं होना चाहिए। मानव दूसरे के धन पर दृष्टि रखता है। लेकिन अपने धन का उपयोग सही ढंग से नहीं करता है। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे हैं चातुर्मास के दौरान यहां विचार परम पूज्य मुनि 108 विवर्धन सागर जी महाराज ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहाकि जीवन में कभी आकांक्षा नहीं रखना चाहिए। महात्मा गांधी ने कभी अपने जीवन में अधिक आकांक्षा नहीं रखी। एक वस्त्र से ही अपने तन को ढक लेते थे। दूसरे के वैभव को देखकर आकांक्षा की भावना नहीं होना चाहिए। पांडवों की भावना थी कि जो हमारा सो हमारा जो तुम्हारा सो तुम्हारा। लेकिन कौरवों की इसके विपरीत भावना थी। दूसरों के धन को हमे साम, दाम, दंड, भेद से प्राप्त करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। हमारे पास जितना है उतनी ही चादर हमें फैलाना चाहिए। चादर छोटी है तो पैर संकुचित करना चाहिए। गलत तरीके से धनोपार्जन नहीं करना। बैल अथवा गाय खुटे से बंधे हो तो घास डालने पर सबल गाय निर्बल गाय की घास पहले खाती है। यह शुद्ध दृष्टि होती है ऐसे ही मानव दूसरों के धन पर दृष्टि रखता है लेकिन अपने धन का उपयोग सही ढंग से नहीं करता है। उन्होंने कहाकि योगी श्वान की तरह निद्रा लेते हैं। जो हमेशा जागृत अवस्था में रहते हैं वहीं अपने कर्तव्य के प्रति भी जागृत रहते हैं। उन्होंने कहाकि अपने स्वभाव पर दृष्टि रखो पर द्रव्य पर नहीं।निःकाक्षित अंग को हमें धारण करना चाहिए। यह मनुष्य काया तो अशुचि है लेकिन रत्नत्रय से पवित्र है।अशुचि भावना में कहां है हमारी देह वीभत्स है, गंदी है। लेकिन फिर भी हम मेकअप से उसको ढ़कते हैं। शरीर दुर्गंध युक्त है लेकिन इत्र साबुन तेल से सुगंधित करते रहते हैं। शरीर सड़ने, गलने वाला है। यह इसका स्वभाव है, लेकिन रत्नत्रय से इसको पवित्र किया जा सकता है। योगी स्नान नहीं करते फिर तप के बल से रत्नत्रय के धारण करने के कारण फिर भी उनका शरीर तप से चमकता रहता है।

## भाजपा की मंडल बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक सम्पन्न हुई। बुधवार को स्थानीय रेन बसेरा परिसर में आयोजित भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मण्डल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष चैनसिंह सिसोदिया का कार्यकर्ता को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों घर-घर तिरंगा अभियान तिरंगा यात्रा कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि एवं विभाजन की विभीषिका के निमित्त योजना बनाई गई। बैठक मे नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनारायण भिलाला, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रेम बैरागी व आभार बाबूलाल कुम्भकार द्वारा व्यक्त किया गया।

### संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा धरोला मंडल की बैठक संपन्न



**नलखेड़ा।** आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर धरोला मंडल की बैठक चारखेडी माता जी सुइंगाव में सम्पन हुई। जिसमे तिरंगा यात्रा हर घर तिंरगा अभियान कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि एवं विभाजन की विभीषिका अभियानों के निमित्त योजना बनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चन्द्रावत द्वारा की गई। बैठक में जनपद उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह यादव, मंडल महामंत्री तूफान सिंह गुर्जर, राधेश्याम पाटीदार, बल्लभ प्रसाद पाटीदार, प्रभुलाल पटेल ढाबला व मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन महेश यादव व आभार गोपाल पाटीदार ने व्यक्त किया।

### कमला सागर विद्यालय के छात्र अथर्व स्वर्णकार का संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन



**नलखेड़ा।** कमला सागर विद्यालय के कक्षा 10वीं के प्रतिभाशाली छात्र अथर्व पिता पुष्पेंद्र स्वर्णकार ने अपनी लगन, मेहनत और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से संभाग स्तरीय चयन प्राप्त किया है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अथर्व ने अंडर-17 आयु वर्ग एवं वजन वर्ग अंडर-66 किलोग्राम में शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया और शानदार जीत हासिल कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। अथर्व आने वाली 30 अगस्त 2025 को शाजापुर में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनसे ओर भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं सहपाठियों ने अथर्व को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, अथर्व की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उनका जुनून और मेहनत आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें पूरा विश्वास है कि वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी विजय का परचम लहराएंगे और जिले व विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त बने रहेंगे कसेरा, कोर्ट से मिला स्टे

**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के स्थानांतरण पर उच्च न्यायालय इंदौर ने स्टे दिया है। फिलहाल आयुक्त कसेरा देवास में बने रहेंगे। बताया जा रहा है कि दस दिन में आयुक्त को कोर्ट के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करना है। इसके बाद अगला निर्णय होगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों आई स्थानांतरण सूची में कसेरा का तबादला नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण इंदौर में संयुक्त संचालक के पद पर हुआ था। उनके स्थान पर देवास नगर निगम आयुक्त के पद पर किसी की पदस्थापना का आदेश जारी नहीं हुए थे, यही स्टे की वजह बना। सूत्रों का कहना है कि आयुक्त ने अभिभाषक के माध्यम से कोर्ट में स्टे के लिए आवेदन लगाया था, जिसमें पारिवारिक कारणों का हवाला दिया था। इसके बाद कोर्ट ने स्टे दिया। मामले में निगमायुक्त कसेरा ने कहा कि अभी स्टे संबंधी जानकारी नहीं है। हाई कोर्ट का जो निर्णय होगा, वह मान्य होगा।

### युवा संगम में 283 युवाओं का हुआ चयन

**देवास।** जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई देवास द्वारा युवा संगम का आयोजन आईटीआई परिसर देवास में किया गया। मेले में उपस्थित विभिन्न निजी संस्थाओं द्वारा अप्रेन्टीस रोजगार देने के लिए 283 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया एवं ऑफर लेटर दिया। युवा संगम में रोजगार, अप्रेंटिसशिप, स्व रोजगार के लिए 510 आवेदकों ने पंजीयन कराया। युवा संगम में उपस्थित युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन दिया गया।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत जनसहयोग से लगे कैमरों की मदद से हुआ खुलासा

# मूर्तियां खंडित कर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

आरोपियों ने बीमा चौराहा और किंग जॉर्ज स्कूल के पास की थी मूर्तियाँ खंडित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के दो मूर्ति बनाने वालों के यहां हुई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहारों पर स्थापित की जाने वाली मूर्तियों को खंडित करने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मंगलवार को फरियादी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र एवं थाना सिविल लाइन देवास क्षेत्र में धार्मिक मूर्तियों को खंडित कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की निंदनीय घटनाएँ होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना औद्योगिक क्षेत्र पर अपराध क्रमांक 718/2025 धारा 299 बी.एन.एस. एवं थाना सिविल लाईन पर अपराध क्रमांक 406/2025 धारा 299 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, जिसके बाद थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया एवं थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व मे संयुक्त विशेष टीम गठित की गई । गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम द्वारा "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत घटनास्थलों के आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों की जाँच की गई। फुटेज से तीन संदिग्धों की पहचान हुई जिन्हें कम्युनिटी पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहचान कर रेवाबाग क्षेत्र से चिन्हित किया गया। बुधवार को पुलिस ने तीनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया एवं तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर विस्तृत पूछताछ की जा रही है। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया



कि बीमा रोड और किंग जॉर्ज स्कूल के पास स्थित मूर्ति कला केंद्रों पर तोड़फोड़ हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शराब के नशे में हंगामा करने के उद्देश्य से यह तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में अपराध क्रमांक 718/2025 और सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 406/2025, दोनों धारा 299 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ जारी है।

#### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

रितेश पिता मोहनलाल अजमेरिया उम्र 23 वर्ष निवासी रेवाबाग देवास, रवि पिता सोहनलाल अजमेरिया उम्र 21 वर्ष निवासी रेवाबाग देवास, रितेश पिता दिलीप सिन्नम उम्र 23 वर्ष निवासी रेवाबाग देवास

#### कार्रवाई में सराहनीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,थाना प्रभारी सिविल लाईन



निरीक्षक हितेश पाटिल,उनि जी.आर. बामनिया,प्रवीण राठौर,सउनि सुनिल इक्का,प्रआर शैलेन्द्र राणा,सुरेश धाकड़,आर अजय जाट,लक्ष्मीकांत,राबी,सैनिक तेजसिंह एवं थाना शामिल है।

# थाना कांटाफोड़ पुलिस ने बिजवाड़ वेयरहाउस में हुई चोरी का किया खुलासा

**दो आरोपी समेत 10 लाख का मश्रुका जब्त**




**देवास।** पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

थाना कांटाफोड़ पुलिस ने बीते दिनों बिजवाड़ वेयरहाउस में हुई गेहूं से भरी बोरियों की चोरी का खुलासा किया हैं। थाना कांटाफोड़ अंतर्गत ग्राम बिजवाड़ निवासी फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 जुलाई को वे निजी कार्य से उज्जैन गए थे। अगले दिन सुबह वेयरहाउस के चौकीदार द्वारा सूचना मिली कि वेयरहाउस में रात में चोरी हो गई है। अज्ञात चोरों द्वारा 50 किलो गेहूं से भरी 45 बोरियां चोरी हो गई हैं । सूचना पर थाने पर अपराध क्रमांक 279/2025 धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कांटाफोड़ सुरेखा निम्बोदा के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित की गई । गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के विजवाड़ तथा कन्नौद क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 05ज़ेडएफ2186 एवं एक मोटरसाइकिल की पहचान हुई जिनकी मूवमेंट को ट्रेस करते हुए देवास-उज्जैन मार्ग पर लगभग 300 कैमरे चेक किए गए । उक्त वाहन उज्जैन के आगर नाके पर दिखाई दी जिससे वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त कर यह ज्ञात हुआ कि वाहन रितिक पिता गोपाल गौर उम्र 23 वर्ष निवासी चतरखेड़ा सिवनीमालवा होशंगाबाद को बेचा गया था । तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रितिक को चोरी किए गए गेहूं व पिकअप वाहन सहित सिवनीमालवा से गिरफ़्तार किया गया एवं उसकी निशानदेही पर दूसरा आरोपी भगवत पिता देवकिशन उम्र 40 वर्ष निवासी पिपल्या थाना शाहगंज जिला सीहोर को उज्जैन से गिरफ़्तार किया गया जिसके पास से घटना में प्रयुक्त एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई । पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल को भोपाल से चुराया गया था। चोरी के दौरान पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपियों ने वाहन की तिरपाल चार बार बदली लेकिन फिर भी पुलिस की पकड़ में आ गए। पुलिस ने गेहूं की 39 बोरियां (50-50 किलोग्राम),घटना मे प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन,एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल,कुल 10 लाख रुपये का माल जप्त किया।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कांटाफोड़ निरीक्षक सुरेखा निमोदा,उनि अजय डोड,प्रआर शिव कुमार,आर दिलीप बैडवाल,आर समशेर की सराहनीय भूमिका रही ।

### जिला अभिभाषक संघ द्वारा मनाया गया सीजनल फ़ूड फेस्टिवल

**देवास।** जिला अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालय परिसर मे सीजनल फ़ूड फेस्टिवल आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश ऋतुराज सिंह एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र उपस्थित थे। संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा एवं उपाध्यक्ष गीता शर्मा, पंकज पंड्या, सचिव अतुल कुमार पंड्या, सह सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला द्वारा कलेक्टर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने उदबोधन मे कहा की यहां पर अभिभाषक संघ बहुत अच्छा काम कर रहा है। सीजनल फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन भी अनूठा है। उन्होंने अधिवक्ताओं, नोटरी अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला एव सत्र न्यायाधीश मिश्रा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर की सरल और सहज कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र बापट ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के पश्चात सीजनल फ़ूड फेस्टिवल में भुट्टे से बने व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर सभी न्यायाधीश, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर यार्दी ने किया एवं आभार नोटरी एडवोकेट अनिल राज सिंह सिकरवार ने माना।



# देवास, कन्नौद और खातेगांव में विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर भोपाल राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में त्यौहारों पर मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ नागरिकों को मिले इसके लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवास सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा नवीन मिल्क प्रोडक्ट्स से मावा बाटी, मावा एवं मिल्क केक, श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट देवास से मावा बाटी, मलाई बर्फी, जोधपुर स्वीट्स मेंढ़की चौराहा देवास से मलाई बर्फी एवं गिरीश सहानी से रजवाड़ी स्वीट्स एवं ग्वाल हलवा (मिल्क केक) के नमूने लिये गये एवं सभी दुकान संचालकों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं फ्रेश एवं ताजी मिठाईयाँ विक्रय करने के निर्देश दिये गये।खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्केल द्वारा मेवाड़ा डेयरी खातेगांव से मावा, बाबूजी दूध डेयरी खातेगांव से मावा, घी एवं पनीर, दिलखुश



स्वीट्स खातेगांव से मिल्क केक, मावा एवं मावा कतली, राजस्थान स्वीट्स एवं कार्नर खातेगांव से मावा कतली एवं मिल्क केक, राजस्थान मिष्ठान भंडार से मावा कतली एवं बंगाली स्वीट्स के नमूने लिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमाली सोनपाटकी द्वारा यादव दूध डेयरी एवं मावा भंडार कन्नौद से दही, दूध एवं मावा, शीतलामाता दूध डेयरी कन्नौद से दूध, दही, मधुरम स्वीट्स कन्नौद से मिल्क केक, चॉकलेट पेड़ा, गाठिया एवं सेंव, होटल रामरतन पैलेस कन्नौद से पनीर, बेसन, आटा, तुअर दाल, मैदा एवं चावल के नमूने लिये जाकर सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये हैं।

# प्राचीन नागदेव मंदिर पर हुआ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

नगर के नेमावर रोड पर बीएसएनएल टावर के पास स्थित प्राचीन नाग देवता स्थल पर सभी नगरवासियों के सहयोग से नवीन मंदिर का निर्माण किया गया। जहां पर तीन दिवसीय नाग देवता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित दीपक त्रिवेदी, नंदकिशोर उपाध्याय,यश उपाध्याय के व्दारा यज्ञ संपन्न कराया गया एवं गुरुवार के दिन पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का पुर्ण आहूति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विधि विधान से नाग देवता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सभी नगरवासियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया एवं नाग देवता प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान कलश स्थापना की बोली नंदकिशोर यादव द्वारा 11500 रुपए लेकर कलश स्थापना की गई। सतिश गुर्जर, त्रिलोक चंद जैन, सुरेश यादव द्वारा नाग देवता की प्रतिमा एवं रामनारायण प्रजापत ने मंदिर कलश भेंट किया। समापन अवसर पर शोभाल सिंह पटेल, नरेन्द्र प्रजापत, व्दारा अंतिम



दिन यज्ञ में पुर्ण आहूति दी गई।एक दिन पुर्व बुधवार को नगर में भगवान नागदेवता की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर विकास चलसमारोह में सम्मिलित हुए। पुर्ण आहूति के साथ सभी नगरवासियों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया गया। नागदेव कि प्रतिमा के प्रथम दर्शन कि बोली 6100 रूपये में इन्द्रनारायण यादव ने लेकर दर्शन किए।प्रतिमा का श्रृंगार कर दर्पण दर्शन कराने के बाद महाआरती की गई। आत्माराम पाटीदार कि ओर से मंदिर में एक बड़ी घंटी भेंट की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसादी ग्रहण की गई। गणेश पटेल, विकास त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन के दौरान नागदेवता की सवारी पडियार, जगु वर्मा के शरीर में आई। उक्त आयोजन में नगर घीसाजी सिंह पटेल, सिद्धनाथ पाटीदार, आत्माराम पाटीदार,सालगराम पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार,तेजू बागवान, रूप कैलाश यादव, ऋषि प्रजापत ,मांगीलाल यादव,अजय उपाध्याय, जगदीश बैरागी सहित सभी मोहल्ला निवासी एवं नगर वासियों के सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भारतीय किसान संघ ने कृषि विस्तार अधिकारी को दिया ज्ञापन, किया पुतला दहन

# फसलों की नुकसानी सर्वे करने सैटेलाइट पद्धति हटाई जाए: संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग आधारित सर्वे में फसल उत्पादन के बनावटी आंकड़े लिए जाने के कारण किसानों को उनकी फसल नुकसानी होने पर वास्तविक क्लेम नही मिल पा रहा है, जिससे नाराज किसानों ने भारतीय किसान संघ तहसील इकाई के बैनर तले बुधवार को बागली मुख्यालय पर कृषि मंडी परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। किसान नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कृषि विभाग कार्यालय बागली पहुंचे। किसानो ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग वल्लभ भवन भोपाल के नाम का ज्ञापन वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी काशीराम चौहान को दिया। इस दौरान किसानों व्दारा कृषि विभाग का पुतला दहन भी किया गया।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बागली विकास खंड सहित पूरे जिले में पिछले सीजन खरीफ वर्ष 2024 में अतिवृष्टि एवं वायरस के कारण सोयाबीन और मक्का फसल में बहुत बड़ा नुकसान हुआ था और रही सही कसर फसल कटाई के समय हुई लगातार वर्षा ने पूरी कर दी थी, जिससे थोड़ी बची फसल भी सड़ गई थी। बागली विकास खंड की तीनो तहसील बागली, हाटपिपल्या और उदयनगर में तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदारो ने सर्वे दल गठित कर फसल सर्वे का आदेश जारी किया था।



सर्वे दल ने भी खेतो में जाकर 70 से 80 प्रतिशत फसल नुकसानी आंकी थी, और मौका पंचनामा बनाया था। बावजूद इसके रेंडम पद्धति से हुए सर्वे में पटवारी ,कृषि विस्तार अधिकारी,चौकीदार और बीमा कंपनी के कर्मचारी द्वारा नियमानुसार एक पटवारी हल्के में चार फसल कटाई प्रयोग किए गए थे जिसमे भी बहुत ही कम वजन आया था ।बागली तहसील के ग्राम चापड़ा ,गुनेरा पटवारी हल्का नंबर 7 में तो विधायक व तहसीलदार नीरज प्रजापति द्वारा अपनी मौजूदगी में फसल कटाई प्रयोग करवा कर निकली उपज का वजन करवाया था, जो उस प्लाट में मात्र 270 ग्राम वजन निकला था। इस हल्के के चारो प्लाट का ओसत वजन 183 किलो आया था। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष हुकमचंद पटेल ने बताया कि पिछले साल समर्थन मूल्य पर हुई सोयाबीन खरीदी में जिले के लगभग 1लाख 75 हजार किसानों में से मात्र 16 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया था और उसमे से भी मात्र छः किसानों ने अपनी उपज बेची थी,क्योंकि जिले के किसानों के पास जो थोड़ी बहुत सोयाबीन पैदा हुई थी वह भी सड़ी निकली थी जो कि मापदंड में नही आ रही थीं, मजबूरन किसानो को मंडियों में ओने पोने दाम में बेचना पड़ा था। इतनी बड़ी नुकसानी के बाद भी राज्य सरकार ने किसानों को राहत राशि आज तक नही दी । इसी कारण किसान सहकारी संस्थाओं से लिए गए फसल ऋण को समय पर जमा नहीं कर पाए और डिफाल्टर हो गए थे। किसानों के इस शोषण के पीछे आपका रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट सर्वे है जिसके बनावटी आंकड़ों के आधार पर इसकी गणना की गई है।किसानों ने मांग कि है कि इस सैटेलाइट आधारित पद्धति को हटाकर अनावरी पद्धति का उपयोग कर बीमा क्लेम व राहत राशि शीघ्र वितरित की जाएं यही विनय। यदि इस और ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूरन संगठन को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी समस्त जवाबदारी आपके विभाग की ही होगी। इस दौरान रामप्रसाद सूर्या,भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष हुकमचंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई,तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, केदारमल पाटीदार, नारायण यादव,सतिश प्रजापत, रामनारायण यादव,विक्रम सिंह उदावत,माखन सिंह नाहर, इंद्रसिंह सेंधव, रघुवीर सिंह, सचिन, योगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर 22 वाहनों से वसूला जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं दल द्वारा भोपाल रोड़ एवं इन्दौर रोड़ पर यात्री बसों की जांच की गई। इस दौरान मार्ग में संचालित होने वाली यात्री बसों एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों के दस्तावेज परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी रजिस्ट्रेशन जांच की गई। साथ ही वाहनों में अग्निशामक यंत्र आपातकालीन द्वार, वीएलटीडी है अथवा नहीं इसकी जाँच की गई। जाँच में दो यात्री बसें बिना परमिट संचालित होते पाई गई। जिन पर चालानी कार्यवाही की गई। इसी प्रकार अन्य वाहनों में भी जाँच करने पर कमियां पाई जाने पर चालानी कार्यवाही की जाकर फिटनेस, बीमा एवं ओव्हरलोडिंग की धाराओं में 22 वाहनों से 88 हजार रूपये का राजस्व वसूला। जांच कार्यवाही में जसवंतसिंह दौहरे, गोलू पटेल, सरफराज खान, निलेश साल्वे, बाबुलाल देवड़ा, शाकिर खान भगतसिंह भलावी शामिल थे। वर्तमान में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील की है कि वर्षाकाल में यात्री बसों का संचालन सावधानीपूर्वक करें तथा पुल-पुलियाओं पर जल भराव होने की स्थिति में वाहन पार ना करें।

## खबर संक्षेप



### टीम ने पनीर मिष्ठान के लिए सैंपल

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश लखनऊ और जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा ललितपुर नगरपालिका स्थित बालाजी मिष्ठान भंडार से बर्फी का नमूना, सी एम एजेंसी से सोहन पापड़ी का नमूना, राजीव किराना की दुकान से सोहन पापड़ी का नमूना, बार स्थित मनोहर स्वीट की दुकान से पनीर का नमूना, नरेंद्र सिंह की दुकान से बर्फी का नमूना, माधो राजपूत की दुकान से बूंदी लड्डू का नमूना, संग्रहित किया गया ।जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य -कक विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिदानंद राय और एस एस निरंजन सम्मिलित रहे।

### दबंगों ने मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर**। निकटवर्ती ग्राम जामुनधाना खुर्द निवासी दीक्षा पुत्र राजपाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 5 अगस्त को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर पर थी। तभी घटवार निवासी शिवानी, मुस्कान, जाहर पुत्रगण नाथू, गुलाबरानी पत्नी जाहर एकराय होकर आये और गालियां देते हुये लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी। आरोप है कि बचाव करने आयी मां कमलेश कुमारी, पिता राजपाल व छोटे भाई इंदल के साथ भी अभद्रता करते हुये मारपीट कर दी। मामले की सूचना डायल 112 पर दी गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**ललितपुर**। मध्य प्रदेश के जिला फतेहाबाद अंतर्गत चंदेरी वार्ड- 21 व हाल गांधीनगर नई बस्ती निवासी महेन्द्र सिंह परमार पुत्र अजयपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती पांच अगस्त को वह अपने ड्राईवर को रेलवे स्टेशन रोड स्थित बुन्देलखण्ड होटल के पास खाना व रुपये देने गया था, जहां से पैदल अपने कमरे पर वापस जा रहा था। बताया कि वह जैसे ही रेलवे तिराहा देवगढ़ रोड के लिए मुड़ा कि तभी एक मोटर साइकिल उसे छूकर निकली, जिस पर उसने बाइक चालक को उलाहना दिया। पीड़ित के अनुसार वह जैसे ही ओवरब्रिज के निकट पहुंचा ही था कि तभी उक्त बाइक सवार अपने अन्य दोस्तों के साथ एकराय होकर आया और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि घटना रात करीब सवा दस बजे की है और उस पर पांच लोगों ने हमला किया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सास-ससुर व देवर पर मारपीट का आरोप

**ललितपुर**। जीडीएम स्कूल के पास पिसनारी तिराहा निवासी नीतू पत्नी अनिल रैकवार ने पुलिस को तहरीर दिया है। बताया कि बीती 19 जुलाई को उसका देवर सोनू पुत्र रामप्रताप, ससुर रामप्रताप पुत्र जानकी व सास केशरबाई ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि गालियां देते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी गयी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**ललितपुर**। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम बसवां निवासी रामस्वरूप पुत्र सियाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 जून को अपराह्न करीब 1.11 बजे उसके पिता सियाराम अपने गांव के कुष्वेन्द्र पुत्र सीताराम के साथ मोटर साइकिल से ग्राम रोंडा अपने कृषि कार्य के लिए उड़द का बीज लेने जा रहे थे। बताया कि वह नेशनल हाई-वे 44 स्थित ग्राम रोंडा के पास पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे वाहन ने उनकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया। इस टक्कर में उसके पिता को गंभीर चोटें आयीं। बताया कि उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गयी, कुष्वेन्द्र गंभीर घायल हो गया।

---

### हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# रक्षाबंधनः जिलाधिकारी ने छात्राओं से बंधवाई राखी, सैनिकों व पुलिस कर्मियों को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को एक भावनात्मक और देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं से स्नेहपूर्वक राखी बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास से मनाया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं व अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की बेटी अनन्या श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को चंदन तिलक लगाकर राखी बांधी। जिलाधिकारी ने सभी को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किये, जिससे सभागार में एक पारिवारिक और उत्सवपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ, इसके साथ ही छात्राओं ने देश की रक्षा में समर्पित वीर सैनिकों एवं पुलिस कर्मियों के लिए सप्रेम 5794 राखियां और आभार पत्र तैयार किये, जिन्हें डाकपत्र के बॉक्स में रखकर जिलाधिकारी द्वारा डाक विभाग के माध्यम से प्रेषित करने की व्यवस्था की गई, इनमें राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 1000, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट की छात्राओं ने 1000, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महरौनी की छात्राओं ने 1000, राजकीय इण्टर कॉलेज बार से 1000, राजकीय इण्टर कॉलेज जखौरा से 1000, राजकीय हाईस्कूल दावनी से 44, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 500 तथा श्री दिगम्बर जैन सुधा सागर कन्या इण्टर कॉलेज ललितपुर की छात्राओं ने 250 राखियां/आभार पत्र शामिल हैं।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे सैनिक और पुलिसकर्मी दिनरात देश की सेवा में लगे रहते हैं, ललितपुर की छात्राओं का यह स्नेह उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा होगा। ये कार्यक्रम न केवल रक्षाबंधन के पर्व को यादगार बनाता है, बल्कि देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव व कर्तव्य की भावना को भी मजबूत करता है इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं को प्रशासनिक कियाकलापों व प्रशासनिक सिस्टम से अवगत कराया और जिलाधिकारी के कार्यों, उनकी प्रशासनिक शक्ति व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं का प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल को भी राखी बांधी गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकों, छात्राओं सभी ने इस पहल को राष्ट्रप्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों का सजीव उदाहरण बताया।

---

### भाजपा की हर घर तिरंगा अभियान बैठक में विधायक ने कहा

# 14 को विभाजन की विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस, प्रथम ध्येय, निष्ठा राष्ट्रवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

भाजपा की हर घर तिरंगा अभियान जिला कार्ययोजना बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सरावगी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक बलराम सिंह लोधी एवं कार्यक्रम सहसंयोजक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा ने संयुक्त रूप से किया। जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि उन्होंने कहा कि एक अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक हमारा यह अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि सात आठ अगस्त को मंडलों की कार्यशाला आयोजित की जायेगी। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पदाधिकारियों को विभिन्न मंडलों का संयोजक मनोनीत किया गया है। दस, ग्यारह, बारह अगस्त को विभिन्न जगहों पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाला जायेगा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. ने कहा कि हमारा प्रथम ध्येय, निष्ठा राष्ट्रवाद होना है। इसी को लेकर तिरंगा यात्रा अभियान के माध्यम से हम राष्ट्रवाद की महत्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कर रहे हैं।

#### कार्यक्रमों को लग के सफल बनाने का आह्वान

उन्होंने सब कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को लग के सफल बनाने का कार्य करने का प्रयास करने का आव्हान किया। अन्त में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदीप सरावगी ने कहा कि वर्तमान के घटनाक्रम से हमारे देश के लोगों में राष्ट्रभावना और ज्यादा जगी है और हम इस अभियान के माध्यम से हम लोग इस भावना को और बढ़ाना चाहते हैं। हम किसी भी दल में रहें किसी भी विचारधारा के सदस्य रहे लेकिन राष्ट्रवाद के नाम पर हमें एक ही रहना होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्षगण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, वरिष्ठ नेता मुन्नालाल जैन सैदपुर, मोर्चा के क्षेत्रीय पदाधिकारीगण घासीराम सहरिया, गौरव गौतम, वरिष्ठ नेता हरीराम राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, कार्यक्रम सह संयोजक, धर्मेश द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, बसंती लारिया, डा राजकुमार जैन, ई. भागीरथ बरुआ, बृजमोहन संज्ञा, जिला मंत्री रमेश कुशवाहा नझाई, रजनी अहिरवार, भूप्रताप सिंह बुन्देला, रुपेश साहू, पिछडा मोर्चा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह लोधी मोंटी भैया, कमलापति रिछारिया, शशिशेखर पांडेय, ई. बीके पाल, मोहनलाल रैकवार, नासिर मंसूरी, मण्डल अध्यक्षगण भगतसिंह राठौर, शेलेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, बृजेश राजपूत, देशपत कुशवाहा, कृपाल सिंह लोधी, कल्याण सिंह लोधी, रामस्वरूप निरंजन, हरेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया, विशाल रावत, माधव पाठक, ज्ञानेंद्र सिंह सैंगर, रामप्रताप सिंह बुंदेला, अजय सिंह बुंदेला, चन्द्रवीर सिंह यादव, रामजी मड़वारी, पुष्पराज सिंह लोधी, गजराज सिंह लोधी, नन्दलाल सिंह, गजराज सिंह आदि उपस्थित रहे।



---

### मरीज की बिगड़ रही थी हालत

# मड़ावरा से रेफर आई महिला के लिए किया गया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

तहसील मड़ावरा के सामुदायिक केंद्र से गर्भवती रचना कुशवाहा को गंभीर हालत मे जिला चिकित्सालय ललितपुर रेफर किया गया । महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की मृत्यु हो गई है रक्त की अत्यधिक कमी होने के कारण हालत बहुत ही गंभीर होती जा रही है डॉक्टर ने रचना कुशवाहा के लिए एबी पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था करने को कहा है परिजन ब्लड बैंक पहुंचे ब्लड बैंक मे एबी पॉजिटिव ब्लड नही मिला इसके पश्चात परिजनों ने अपने-अपने ब्लड ग्रुप की जांच करवाने पर पाया कि किसी का भी ब्लड ग्रुप रचना के ब्लड ग्रुप से मैच नहीं हो रहा है मरीज की स्थिति गंभीर होती जा रही है परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति से मदद मांगी ।

जिस पर समिति ने तत्काल रक्तदाता अनुज साहू ग्राम बांसी को सूचना दी और उन्होंने सभी कार्य छोड़कर बांसी से ललितपुर पहुंचकर जीवन और मृत्यु से जूझ रही रचना कुशवाहा को अपना एबी पोजिटिव ब्लड रक्तदान किया परिजनों ने समिति के सदस्यों और रक्तदाता अनुज साहू को धन्यवाद आभार व्यक्त किया रक्तदान करने के बाद अनुज साहू ने कहा किसी जरूरतमंद की मदद करके मुझे बहुत आत्म संतुष्टि मिलती है और रक्तदान करने से हमारे शरीर मे किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती है बल्कि भविष्य मे होने वाली अनेकों गंभीर बीमारियों से स्वयं को बचाया जा सकता है इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को रक्तदान करना चाहिए इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैयालाल रजक (पंचायत राज विभाग) समाजसेवी बलराम राज शैलेंद्र शर्मा मुकेश कुशवाहा आदि रहे।



---

### निशुल्क विधिक सहायता

# सैनिकों के परिवारों के लिए किया लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ



**ललितपुर**। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया, जो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रहा है।

इस दौरान जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र कुमार झा के मार्गदर्शन तथा सचिव मयंक जायसवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सेना के कर्नल आशीष अहुवालिया उपस्थित रहे। लीगल एड क्लिनिक में पैनल अधिवक्ताओं के रूप में अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान तथा गणेशराम रजक को पैरा लीगल वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त किया गया। सचिव मयंक जायसवाल ने कहा कि नालसा द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सेवा में समर्पित सैनिकों एवं उनके परिजनों को कोई भी कानूनी समस्या अकेले न झेलनी पड़े।

इस क्लिनिक के माध्यम से उन्हें निःशुल्क विधिक सलाह, दस्तावेज तैयार करने में सहयोग, आरटीआई मार्गदर्शन और केस प्रतिनिधित्व जैसी सेवाएं प्राप्त होंगी। बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस प्रकार के क्लिनिक अन्य स्थानों पर भी स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। कर्नल आशीष अहुवालिया जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कल्याण ने कहा कि सेवा में तैनात सैनिक सीमाओं पर तैनात रहते हुए परिवार की समस्याओं से अक्सर अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में यह लीगल एड क्लिनिक हमारे सैनिक परिवारों के लिए एक सशक्त विधिक कवच बनेगा। कहा कि हमें गर्व है कि इस योजना की शुरुआत होकर हम एक मजबूत सामाजिक-सैन्य सहयोग की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि यह क्लिनिक न केवल विधिक सहायता का माध्यम होगा, बल्कि सैनिक परिवारों के आत्मविश्वास को भी सशक्त करेगा। मेरा प्रयास रहेगा कि हर जरूरतमंद को समयबद्ध और उचित कानूनी मार्गदर्शन मिले।

उन्होंने योजना की संरचना, लोक अदालतों की भूमिका, और कानूनी सलाह की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी गणेशराम रजक ने कहा कि इस दायित्व को सेवा के रूप में देखता हूँ और मेरा उद्देश्य रहेगा कि सैनिक परिवारों तक हर जरूरी कानूनी जानकारी सरल भाषा में पहुँचाई जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि हर वर्ग, विशेषकर विधवाएं, वरिष्ठ नागरिक और बच्चे, इस क्लिनिक की सेवा से लाभान्वित होंगे।

इस दौरान नायब सूबेदार वीरेंद्र सिंह कल्याण अधिकारी,अमित प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक,श्रीमति संध्या चंदेल कनिष्ठ सहायक,सूबेदार रामगोपाल सिंह, मिल्ट्री कैंप ,तालबेहट से सूबेदार वी.एन. मैनन,नायब सूबेदार एम.सिंह,नायब कांस्टेबल नीतेश के अलावा न्यायालय से रोहित राठौर,अरविंद कुमार पंथ, नदीम उपस्थित रहे। नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का उद्देश्य सैनिकों, अर्धसैनिक बलों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क, त्वरित और प्रभावी कानूनी सहायता देना है।

---

### चल रहे विकास कार्यों का मामला

# पांच करोड़ की ठगी का मामला दर्ज आंध्र प्रदेश के तीन लोगों पर आरोप

**ललितपुर**। जिले की कोतवाली थाने में एक बड़े आर्थिक घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर संख्या 0884 के अनुसार, आंध्र प्रदेश निवासी और एक कॉर्पोरेट निदेशक बोल्लिनेनी वेंकट रामनैया द्वारा 5 करोड़ रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि वर्ष 2014 से 2016 के बीच मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में ललितपुर योजना स्थल पर चल रही पुनर्वास व भू-तकनीकी परियोजना के लिए कुछ कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, आंध्र प्रदेश निवासी के.वी. श्रीधर, कोडवती सतीश और पोनूरू श्रीनिवासुलु नामक व्यक्तियों ने उस दौरान उनके साथ विश्वासघात किया। एफआईअआरर में दर्ज बयान के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने अपने संगठन की ओर से प्रोजेक्ट से जुड़ी गतिविधियों के लिए बैंक चेकबुक जारी की थी, जिनमें से कुछ पहले से हस्ताक्षर किये हुये चैकों की किताब इन व्यक्तियों को सौंप दी गई थीं। आरोप है कि इन आरोपियों ने इन चेक बुक का दुरुपयोग कर बिना अनुमति के लगभग 5 करोड़ रुपये की रकम निकाल ली।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी उन्हें और उनके परिचितों को डराकर धमका रहे थे कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो वे इन चेक्स का गलत इस्तेमाल करेंगे और लीगल कार्रवाई की धमकी भी दी। यह भी सामने आया कि इन व्यक्तियों ने एक संगठित गिरोह की तरह कार्य करते हुए फर्जी दस्तावेज बनाए और आर्थिक अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत धारा 308(3), 318(4), 61(2) और 316(2) में मामला पंजीकृत कर लिया है। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक अनुराग शर्मा को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि सभी आवश्यक दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, चेकबुक रजिस्टर और कर्मचारियों की जानकारी जांच के लिए जब्त कर ली गई है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से जांच आगे बढ़ रही है। यह मामला प्रशासनिक लापरवाही, विश्वासघात और करोड़ों की धोखाधड़ी के संगीन आरोपों को उजागर करता है, जिसमें कॉर्पोरेट और आपराधिक गठजोड़ की जानकारी सामने आई है।

---

### दंपती के बीच दहेज का विवाद बढ़ा

# शिक्षक पत्नी ने शिक्षक पति पर दर्ज कराया दहेज उत्पीडऩ का मामला

**ललितपुर**। ब्लाक बिरधा के ग्राम मैनवार स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक पर पत्नी जो कि स्वयं भी सहायक अध्यापिका हैं के द्वारा दहेज उत्पीडऩ का आरोप लगाते हुये अतिरिक्त दहेज में बीस लाख रुपये की अवैध मांग करते हुये गाली-गलौज करते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण प्रकाश में आया है। महिला की ओर से कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर पति समेत ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मूल रूप से झांसी निवासी नेहा वर्मा पुत्री मोहनदास ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले तालाबपुरा में रहने वाले दिलीप कुमार वर्मा पुत्र जुगलकिशोर के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी में उसके पिता ने दान दहेज मिलाकर 10 लाख रुपये की शादी की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय पश्चात ही उसकी सास बसन्ती देवी, ननद भारती व पति दिलीप वर्मा लालच के चलते आये दिन किसी न किसी बात को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ब्लाक बिरधा के ग्राम मैनवार स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं और वह भी प्राथमिक विद्यालय नौगांवकलां में सहायक अध्यापक पद पर तैनात हैं। आरोप है कि उसके पति व ससुरालीजन उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में 20 लाख रुपये की अवैध मांग कर रहे हैं। विरोध करने पर उक्त लोग उसे आग लगाकर मार डालने, तलाक देने व घर से निकाल देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि मांग पूरी न होने पर उक्त लोग उसकी विवादित वीडियो बनाकर उसे फर्जी तरीके से फंसाने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने बताया कि बीती 5 अगस्त को रात करीब 11 बजे उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जब उसने मारपीट की बात अपने मायके वालों को बतायी तो उक्त लोगों ने उसके पिता से अभद्रता करते हुये घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुरालियों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की।

---

### मुख्यमंत्री ने लक्ष्य वन ट्रिलियन डालर के लिए बढ़ाया कदम

# किसानों की आय दुगनी करने चयन व उत्पादन के मूल्य संवर्धन पैकिंग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर के स्तर पर लाये जाने हेतु औद्यानिक विशिष्ट फसलों का चयन एवं उत्पादन के साथ उपज के मूल्य संवर्द्धन, पैकेजिंग, विपणन, ब्रांडिंग और उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिए तथा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के निर्धारित महत्वकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से जनपद में पर ब्लॉक वन क्रॉप सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत दिनांक-04, अगस्त से जनपद के सभी विकास खण्डों में कृषक वार्ता/गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को औद्यानिक फसलों को अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है जिससे कि कृषकों को अतिरिक्त आय परम्परागत खेती की तृलना में अधिक आय प्राप्त हो सके जो कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर के स्तर पर लाये जाने में सहायक होगा। इसी क्रम में हृ्यपर ब्लॉक वन क्रॉपहृ्ह सप्ताह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, खिरियामिश्र में एक कृषक गोष्ठी कर मनाया गया।

पर ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम, उद्यानिकी क्षेत्र को संरचित ढंग से बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि का एक प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रमुख फसल पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु, बाजार मांग और कृषकों की प्राथमिकता के अनुसार होगी। पर ब्लॉक वन क्रॉप का अर्थ यह नहीं है कि हम केवल एक ही फसल तक सीमित हैं। यह कार्यक्रम चयनित फसल के लिए क्षेत्र में एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केंद्रित है, जिससे अन्य उद्यानिकी फसलों का भी समानांतर विकास हो सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि तकनीकी मार्गदर्शन, प्रदर्शन प्लॉट, नर्सरी, एफपीओ, प्रोसेसिंग और विपणन जैसी पूरी मूल्य श्रृंखला को गांव स्तर तक विकसित किया जाए। इससे उद्या निकी क्षेत्रफल और उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में ठोस प्रगति संभव होगी।

---

# ग्राम कुम्हैढ़ी में शिवार्चन, कन्या भोज व भंडारे का किया आयोजन



**महरौनी (ललितपुर)**। तहसील महरौनी के अंतर्गत ग्राम कुम्हैढी में श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में शिवार्चन, कन्या भोज एवं भण्डारे का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ उठाया। शुरुआत भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद कन्याओं को भोजन कराकर कन्या भोज सम्पन्न कराया गया। तत्पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं सहित अन्य ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजय रावत, प्रकाश नारायण निरंजन (प्रधान), रामप्रकाश चौधरी, राहुल तिवारी, संतोष सीरौठिया, मुकेश चौधरी, सतीश सोनी, राकेश चौधरी, रामनरेश चौधरी, दीपक निरंजन, सुजान निरंजन, लक्ष्मीनारायण चौधरी, रामशरण दीक्षित, प्रमोद सीरौठिया, आशू चौधरी, राहुल, मोनू, प्रशांत ऋषि, गिरजाशंकर, राहुल झा, अशोक, रामबाबू, ओमप्रकाश, राजा, वीरन झा, बाबूलाल झा, महेश तिवारी, मोनू चौधरी, मुकेश श्रीवास्तव, सीताराम कुशवाहा सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने इसको भक्ति, सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने की इच्छा जतायी।

### थंब लगवा लिया और राशन नहीं दिया, सैकड़ों हितग्राही हो रहे परेशान

# 'साहब' हमारा 3 माह का राशन दिला दो गेहूं-चावल छोड़िए, नमक भी नहीं नसीब

**5 हजार टन राशन पीओएस मशीनों से हटाया ▸ जून,जुलाई अगस्त के आवंटन का अधिकारी नहीं करा पाए समय पर वितरण**


हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ-ब्यावरा


केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को भेजा गया तीन महिनों के राशन पर भी अधिकारियों की मिलीभगत से दुकानदारों ने ग्रहण लगा ही दिया। मई माह में जून,जुलाई व अगस्त का आवंटन राशन दुकानदारों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना और उसे जून में ही बटवाना अधिकारियों की प्राथमिकता थी परंतु लापरवाही एवं मनमानी के चलते गरीब हितग्राहियों को नजर अंदाज करते हुए वितरण 6 अगस्त तक भी जारी रहा।

इसमें हैरत की बात यह है कि जब आपूर्ति विभाग को मुख्यमंत्री मोहन यादव के दौरे का पता चला तो आनन-फानन में राशन दुकानों में पीओएस मशीन में दिख रहे स्टॉक को खत्म करने की कबायत पिछले तीन दिनों से लगातार चल रही है। जिससे यदि कहीं मंच से मुख्यमंत्री इसके बारे में पूछ लें तो हम शत-प्रतिशत आवंटन और वितरण का कहकर पल्ला झाड सकते है। इसी तरह जिले भर में पीओएस मशीनों से कोरोना के समय का बताकर 5 हजार टन से ज्यादा राशन हटा दिया गया जिसका कोई प्रमाणिक आधार आपूर्ति विभाग के पास नहीं हैं।

### हकीकत यह कि थंब लगवा लिया और नहीं दिया राशन

मुख्यमंत्री के 7 अगस्त के दौरे की पुष्टि होते ही आपूर्ति विभाग के जिला अधिकारी सहित जूनियर अधिकारी एक जगह की पीओएस मशीन जिसमें राशन बचा हुआ था उसे दूसरी दुकान जहां पर राशनपर ले जाकर बचे हुए सैकडों हितग्राहियों को राशन का कहकर उनका अगूंठा लगवा लिया एवं राशन नहीं दिया गया। जिससे अधिकारियों के पूछे जाने पर शत प्रतिशत राशन वितरण बताया जा सके। इस पर जब राशन दुकानदारों से पूछा गया तो उन्होने आवंटन न होने की बात कही।


VM-FOODMP-G
Unread
11:04 am
आपके द्वारा समग्र परिवार आईडी 34354609 पर उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक 3204063 से माह June का NFSA अंतर्गत गेहूं 0 चावल 0 एवं मोटा अनाज 0 किलोग्राम नि:शुल्क तथा नमक 1.0 किलो 1/- रू में प्राप्त किया गया। सामग्री प्राप्त न होने/कम प्राप्त होने पर सीएम हेल्पलाईन नंबर



### जिला आपूर्ति अधिकारी बोले- 2 दिन और इंतजार कर लो

जब बारे में जब जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिह से बात की गई और बताया गया कि सिर्फ एक ही राशन दुकान से लगभग 150 के लगभग हितग्राही तीन माह के राशन से आज भी बंचित है और दुकानदार ने हमसे थंब लगवाकर राशन दो-तीन दिन बाद देने का बोला है। इस पर अजीत सिंह ने कहा कि दो दिन और इंतजार कर लो फिर मुझे बताना। इस तरह से जेएसओ स्वाती वायकर और डीएसओ अजीत सिंह का रवैया गरीब हितग्ारहियों के प्रति कितना जबावदेही है यह समझा जा सकता है।

## व्रत व उपवास भी एक चिकित्सा पद्धति है: मुनिश्री दुर्लभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरोन

आप जैसा अपने शरीर को बनाओगे वैसा ही यह शरीर बन जाता है। हम जैसा इस शरीर को ढालना चाहेंगे यह शरीर वैसा ही ढलता जाएगा। इस शरीर को जितना आहार हम दे रहे हैं इस शरीर को उतने भोजन की भी आवश्यकता नहीं होती है। जब तक हम अपने मन को मजबूत नहीं करेंगे तब तक हमें ऐसा लगेगा कि हम एक समय भी भोजन नहीं करेंगे तो हमारा शरीर काम नहीं करेगा अथवा हमारे शरीर में कमजोरी आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं होता है। जब भी अष्टमी और चौदस की तिथि आए तो आपको एकासन अथवा उपवास जरूर करना चाहिए। एकासन और उपवास के माध्यम से भी चिकित्सा की जाती है। इस प्रकार की धर्मदेशना पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने 32 दिवसीय संवेग वैराग्य शिविर की शुरुआत से पहले श्रावकों के मानस को तैयार करते हुए दी। मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने अपने दीक्षा गुरु आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का प्रसंग का उदाहरण देते हुए कहाकि आचार्य श्री ऐसा कहा करते थे कि उपवास एक चिकित्सा है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को जब जब कोई पीढ़ा होती थी तो आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज तब तब उपवास किया करते थे। और उपवास के माध्यम से उनका रोग हमेशा ठीक भी हो जाया करता था।मुनि श्री ने कहाकि पंचम काल में मोक्ष तो नहीं होता है लेकिन पंचम काल में उत्कृष्ट चर्या वाले मुनि भी होते हैं। और चतुर्थ कालीन चर्या के साधु परमेष्ठि की बात करते हो तो चतुर्थ कालीन श्रावकभी बनो। और हम आपको चतुर्थ कालीन श्रावक बनाने ही आए हैं।




**मरीज के पिता ने कहा- भर्ती करते समय पीलिया 8.21 और 6 दिन दवा लेने के बाद बढ़कर हुआ 17.44 प्रतिशत**

## नहीं मिला सही उपचार बढ़ाया मर्ज, डॉ दांगी पर लापरवाही करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

सिविल अस्पताल ब्यावरा में उपचार के नाम पर मासूमों के जीवन से खिलबाड़ करते डॉक्टर मिलना आम बात हो चली है प्रशासनिक सिस्टम का फेलुअर इस तरह है कि न कोई सुनने वाला न ही इसके सुधार की गुंजाइश ही नजर दिखाई दे रही है। ताजा मामला शासकीय अस्पताल ब्यावरा के डॉ लखन दांगी से संबंधित है जिसमें एक 11 साल के मासूम को पीलिया के लिए भर्ती किया तो उस समय की गई जांच में पीलिया 8०21 प्रतिशत था इसके बाद 6 दिन तक डॉ दांगी का उपचार चलने के बाद पीलिया कम होने के बजाय बढकर 16०44 प्रतिशत हो गया। जिसमें मासूम दिलशान की तबीयम बिगडती चली गई और उसकी आखों में पीलापन बहुत ज्यादा बढ गया तब उसके पिता अमीन खान ने दूसरे डॉक्टर से सलाह ली तो पता चला की दिए गए उपचार में पीलिया का उपचार था ही नहीं। ऐसे हालातों में जीने को मजबूर हैं शहरवासी। मासूम की हालात बिगडने पर प्रायवेट हॉस्पिटल में भेजना कहां तक सही है इसके बाद पिता ने जब हंगामा किया तो फिर डॉ बीएम गुप्ता ने बच्चे का उपचार शुरू किया एवं पूर्व से चल रहा डॉ लखन दांगी का उपचार बंद करवाया तब कहीं जाकर मासूम की हालात में सुधार आना शुरू हुआ।

### मासूम के हालात बिगड़ते देख भोपाल के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाने की दी सलाह



जब डॉ लखन दांगी ने मासूम की हालात बिगडती देखी तो उन्होने पिता आमीन खान को प्रायवेट नर्सिंग होम भोपाल में ले जाकर इलाज करवाने को कहा जिसके लिए उन्होने बकायदा डॉक्टर के नंबर भी पिता को पर्चे पर लिखकर दिए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी डॉक्टर किस तरह प्रायवेट हॉस्पिटल के लिए काम करते है। क्या विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इन पर लगाम लगा पाएगें या फिर इसी तरह का ढर्रा चलता रहेगा।

### डॉ लखन दांगी ने सभी जाचें अस्पताल के बाहर से करवाई

मरीज भले ही सिविल अस्पताल ब्यावरा में भर्ती था परंतु डॉ लखन दांगी की कमाई की सुई लगातार चालू थी जिसमें वह अंदर भर्ती मासूम मरीज दिलशान की जाचें भी बाहर की फिक्स पैथालॉजी से करवा कर मंगा रहे थे जिसमें 6 दिन में लगभग 7 हजार की जांचे करवाई गई और बच्चें की तबीयत में सुधार भी नहीं आया। एक पिता ने गुहार लगाई है कि इस तरह के डॉक्टर से अपने बच्चों को बचाएं।

**इनका कहना है**

आप मुझे इसकी पूरी जानकारी लिखकर भेजिए मैं दिखवा लेती हूं
डॉ शोभा पटेल ,सीएमएचओ राजगढ़



### पीएम श्री सुठालिया में साइकिल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन

**सुठालिया।** बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया एवं पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में साइकिल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां शारदे की पूजा और वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री महोदय नारायण सिंह पंवार के प्रतिनिधि के रूप में मोहन पंवार, विशेष अतिथि चंदरसिंह सौंधिया जिला पंचायत अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधि के रूप में बद्रीलाल यादव पूर्व राज्य मंत्री, अमित शर्मा जिला महामंत्री, जगदीश पंवार जिला उपाध्यक्ष ,इंदरसिंह लववंशी श्यामसिंह सौंधिया मंडल अध्यक्ष, नारायण सिंह सालरियाखेडी ,मानसिंह टोका, अशोक अग्रवाल, शिक्षा विभाग के अधिकारी दिलीप शर्मा बीईओ ब्यावरा एवं जीके दुबे बीआरसी ब्यावरा की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई ।


## निजी कॉलेजों में एडमीशन के बाद सिर्फ परीक्षा देने पहुंचते हैं विद्यार्थी

अभाविप पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

जिले के विभिन्न अशासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सामने आई है। परिषद के पदाधिकारियो ने लीड कॉलेज प्राचार्य विपिन बिहारी खरे को ज्ञापन सौंपकर इन कॉलेजों में चल रही धांधलियों से अवगत कराते हुए सभी कॉलेजों की जांच की मांग रखी।

एबीवीपी के विभाग संयोजक अमन व्यास एवं जिला संयोजक शुभम शर्मा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में ज्ञापन में आरोप लगाया गया की डी.एड/बी.एड. की मान्यता प्राप्त अधिकांश निजी कॉलेजों में जिले से बाहर के विद्यार्थियों के एडमिशन हैं। ये विद्यार्थी नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं और केवल परीक्षा के समय आते हैं। इस तरह शासन की सभी



योजनाओं का लाभ फर्जी तरीके से लिया जा रहे है। इसके साथ ही निजी कॉलेजों में पढ़ाने वाले स्टाफ के नाम रजिस्टर में तो दर्ज रहते हैं लेकिन, असल में वे कॉलेजों में कार्यरत ही नहीं हैं। विभिन्न अशासकीय महाविद्यालयों में सरकार द्वारा निर्धारित की गई शैक्षणिक फीस तय मापदंडो से अधिक ली जा रही है।

### ज्ञापन में यह भी लगाए आरोप


उक्त ज्ञापन में आगे उल्लेख है की अधिकांश निजी कॉलेजों में एक ही परिसर में अनेक विषयों की कक्षाएं संचालित हो रही है, जो नियम विरुद्ध है। साथ की महाविद्यालय परिसर शासन की मान्यताओं के तय मापदंड के अनुसार नहीं है, ऐसे में इनकी जांच कर मान्यता समाप्त की जाए। इन सभी बिंदुओं को संज्ञान में लेकर सभी अशासकीय महाविद्यालयों की जांच 7 दिवस में कराकर उचित कार्रवाई करने मांग अभाविप ने रखी है अन्यथा परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### साकेत एमजीएम में बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ



**विदिशा।** साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में ट्रिनिटी कॉन्वेंट, वात्सल्य पब्लिक स्कूल, साकेत एमजीएम स्कूल, अग्रवाल इंटरनेशनल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल, नारायणा स्कूल समेत कई विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, ब्लॉक खेल अधिकारी अंबेश सोनी एवं साकेत एमजीएम स्कूल के प्राचार्य बिभास रंजन पाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में मुकाबले आयोजित किए गए। साकेत एमजीएम परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले अधिकारियों, प्रतिभागी विद्यालयों, प्रशिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया है।

## बैठक में जनपद पंचायत विदिशा और ग्यारसपुर के मुक्तिधामों की समीक्षा


विदिशा। बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

बुधवार को जनपद पंचायत विदिशा एवं ग्यारसपुर के मुक्तिधाम की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद पंचायत विदिशा में 18 ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम का अभाव है। ग्राम पंचायतों में शांति धाम क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं।

जनपद पंचायत ग्यारसपुर में 29 ग्राम पंचायतों में शांतिधाम नहीं हैं। 11 ग्राम पंचायतों में शांतिधाम क्षतिग्रस्त हैं। सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शांतिधाम का चबूतरा मात्र 20 बाय 20 फीट का होता है, जिसमें लगभग 8 क्यूबिक मीटर कंक्रीट एवं 850 किलोग्राम स्टील का उपयोग होता है। यह निर्माण कार्य किसी भी पंचायत और वहां के निवासियों के सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपील करते हुए कहा है कि भूमि की अनुपलब्धता जिन स्थानों पर कार्य में बाधा बन रही है वहां ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए कि वे 30 बाय 30 फीट भूमि दान करें ताकि यह सामूहिक पुण्य कार्य शीघ्र पूर्व हो सकें।

**बाल कल्याण समिति के प्रयासों के बाद माने परिजन**

## जेल के वातावरण से दूर नाना-मामा के पास रहेगा 6 वर्षीय बालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

किसी अपराध के चलते सारंगपुर न्यायालय में विचाराधीन मामले में एक 6 वर्षीय बालक अपनी माता के साथ जिला जेल राजगढ़ में रह रहा था। जेल प्रबंधन के नियमों के अनुसार 6 वर्ष से अधिक के बालक को जेल में नहीं रख सकते। ऐसे में न्यायालय ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा को पत्र जारी करते हुए बालक को समिति के संरक्षण में रखने हेतु लेख किया। इस बालक के अन्य परिवारजन जो जेल के बाहर थे, वे भी उसे अपने साथ रखने के लिए



तैयार नहीं थे। वहीं, जेल में निरुद्ध उसकी माता भी नन्हें बच्चे को अपने से दूर नहीं करना चाहती थी। इस दुविधापूर्ण विषम परिस्थिति को देखते हुए समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा सहित सदस्यगण सुरेश चंद्रवंशी, रिंकू सुनेरी, नीलेश मालवीय जिला जेल पहुंचे और जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी को पूरा विषय बताया। समिति सदस्यों ने जेल में निरुद्ध माता को समझाया कि यहां के वातावरण में आपको नन्हें बच्चे को नहीं रखना चाहिए। लेकिन, बालक की मां नहीं मानी क्योंकि वो अपने जिगर के टुकड़े को अपने से दूर नहीं रखना चाहती थी। ऐसे में बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चे की मां सहित जेल के बाहर उसके अन्य परिजनों की कई बार काउन्सलिंग करते हुए बालक के सर्वोत्तम हित हेतु उसे जेल से बाहर रखने हेतु प्रेरित किया। अंततः बच्चे की मां सहित उसके मामा व ननिहाल के अन्य लोग माने।

## हर दिन संकुल केंद्र में हाजिरी के आदेश से नाराज लटेरी ब्लॉक के सभी जनशिक्षकों ने दिया इस्तीफा

**बीआरसी व डीपीसी कार्यालयों की भूमिका को सीमित करने का आरोप लगाया**

**विदिशा।** लटेरी ब्लॉक में जिला शिक्षा अधिकारी के नए आदेश से जन शिक्षकों में आक्रोश फैल गया है। 4 जुलाई को जारी किए गए इस आदेश के अनुसार जन शिक्षकों को अब प्रतिदिन संकुल केंद्र में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। साथ ही दो शालाओं का नियमित निरीक्षण भी करना होगा। इस आदेश के विरोध में शुक्रवार को लटेरी ब्लॉक के सभी जन शिक्षक एकत्रित होकर बीआरसी कार्यालय पहुंचे। जन शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल शालाओं में भेजें

जन शिक्षकों का आरोप है कि उन पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि बीआरसी और डीपीसी कार्यालयों की भूमिका को लगातार सीमित किया जा रहा है। शिक्षकों ने कहा कि इन परिस्थितियों में वे अपने पद पर कार्य करने में असमर्थ हैं। बीआरसी प्रमोद विश्वकर्मा को सौंपे गए इस्तीफे में जन शिक्षकों ने अपनी मांग रखी है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल शालाओं में वापस भेजा जाए। शिक्षकों का कहना है कि आदेश की आड़ में उनके कार्य क्षेत्र को असंतुलित किया जा रहा है। इससे न केवल उनके कार्यभार में वृद्धि हुई है बल्कि मानसिक दबाव भी बढ़ा है। इस घटनाक्रम के बाद अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। यह देखना होगा कि प्रशासन इस सामूहिक इस्तीफे और शिक्षकों की मांगों पर क्या कदम उठाता है।

### सांड़ों की लड़ाई में फंसी बाइक, पति-पत्नी और मासूम घायल



**विदिशा।** करारिया चौराहे पर दो सांडों की लड़ाई में एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनकी मासूम बच्ची घायल हो गए। गोवर्धन कुशवाह अपनी पत्नी और बेटी के साथ कुरवाई के फतेहपुर गांव से विदिशा लौट रहे थे। करारिया चौराहे के पास पहुंचने पर अचानक दो सांड आपस में भिड़ते हुए उनकी बाइक तक आ गए। सांडों की चपेट में आने से तीनों को चोटें आई हैं। छोटी बच्ची को सिर और हाथ में गंभीर चोटें लगी हैं। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बेसहारा मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होंगी।


## साप्ताहिक हाट-बाजार के चलते 3 घंटे तक जाम में फंसे रहे लोग

नेवज की छोटी पुलिया चौराहे पर रहती है हर दम बदहाल स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

मुख्यालय पर हर बुधवार लगने वाला साप्ताहिक हाट-बाजार को शहरी सीमा से बाहर लगाने की मांग तेज होती जा रही है। दरअसल, हर बुधवार मेन मार्केट, दशहरा मैदान सहित नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप वाले चैराहे पर घंटों तक जाम लगा रहता है। ऐसे आमजनों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आगामी 9 अगस्त को रक्षाबंधन होने के चलते कल के साप्ताहिक हाट-बाजार के हाल कुछ ज्यादा ही खराब नजर आए। छोटी पुलिया के चैराहे पर दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक करीब तीन घंटे तक जाम



लगा रहा और लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे।

दरअसल, तंवरवाड़ क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के सैकड़ों लोग साप्ताहिक हाट-बाजार में खरीदारी करने सहित अन्य कार्यों से राजगढ़ आया करते हैं। ऐसे में नेवज के छोटे पुल चैराहे पर हर बुधवार जाम लगने की समस्या अब लाईलाज होती जा रही है।

### अपने ही नियमों का पालन नहीं करवा पा रही नपा

हाट-बाजार की बदहाल यातायात व्यवस्था को कुछ हद तक खत्म करने करीब डेढ़ साल पहले नगर पालिका ने निर्णय लिया था कि बुधवार को कोई भी सब्जी विक्रेता मेन मार्केट में अपनी दुकान न लगाते हुए दशहरा मैदान स्थित मार्केट दुकान लगाएगा। शुरू-2 में सब्जी विक्रेताओं ने भी इस नियम का पालन किया वहीं चालान कार्यवाही भी देखने मिली। लेकिन अब पुनः हालात उसी ढर्रे पर लौट आए हैं और मेन मार्केट में ही सब्जी की अनेकों दुकानें लगने लगी हैं जिसके चलते टैफिक व्यवस्था बद से बदहाल होती जा रही है।

## प्रतियोगिता में छात्रों ने रामचरित्र मानस के प्रसंगों पर चित्र बनाए



**विदिशा।** तुलसी जयंती पर महारानी अवंतीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल मे पंडित गंगा प्रसाद पाठक कला न्यास द्वारा रामचरित्र मानस प्रसंगों पर चित्रकला का आयोजन किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक एवं छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में रामचरित मानस के प्रसंगों पर चित्र बनाए। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 85 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान भरत लड्ढा, सुनील जैन, अरविंद द्विवेदी, सुदिन श्रीवास्तव, मेहताब सिंह नरवरिया, शारदा लोधी, संगीता मुले, थान सिंह नरवरिया, उमेश शर्मा, मनोज गौर, मधु लोधी, उर्मिला लोधी, दीक्षा तिवारी, रश्मि जैन, संध्या राय मौजूद रहीं। आज 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे सनराइजर्स स्कूल में भाषण प्रतियोगिता तथा दोपहर 2 बजे सरस्वती शिशु मंदिर किलेअंदर में अंत्याक्षरी प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया है।